दिन– बुधवार

दिनांक– 04 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता आपसी संबंधों को मजबूत करने और वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लोकसभा में श्री गोयल ने कहा कि इस समझौते के दौरान भारत संवेदनशील क्षेत्रों, कृषि और दुग्ध उत्पादन में अपने हितों की रक्षा करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि दो फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कई द्विपक्षीय तथा वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस बातचीत के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने अमरीका को होने वाले भारतीय निर्यात पर शुल्क घटाकर अठारह प्रतिशत करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह दर अमरीका की तरफ से अन्य कई देशों पर लगाए गए शुल्क की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। श्री गोयल ने कहा कि इस कदम से अमरीकी बाजार में भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार के अनुरोध पर भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को सरकारी कामकाज से जुड़ी अपनी सभी शाखाओं को इकतीस मार्च को खुला रखने का निर्देश दिया है। आरबीआई ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी सरकारी लेन–देन का हिसाब रखने के लिए यह निर्देश जारी किया गया है। गौरतलब है कि चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इकतीस मार्च को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जापूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामंजस्य स्थापित करने और आत्मविश्वास बढाने पर जोर दिया।

———————————————————————

प्रदेश में मौसम के रूख में एक बार फिर परिवर्तन देखा जा रहा है। आज सुबह मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज समेत दस जिलों में घना कोहरा छाया रहा। गयाजी में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता सौ मीटर दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि विचार, संघर्ष और सामाजिक न्याय की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। श्री कुमार जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

———————————————————————

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा—सीटीईटी दो चरणों में आयोजित की जायेगी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने बताया कि पहले यह परीक्षा एक ही दिन ली जानी थी लेकिन परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण इसे दो दिन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा सात और आठ फरवरी को आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के जागपाकड़ गांव से एसटीएफ और डीआईओ की टीम ने बीस हजार रुपए के इनामी डकैत मिथुन राम को गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

———————————————————————

सहरसा व्यवहार न्यायालय ने आर्म्स एक्ट मामले के दोषी हरिओम कुमार को विभिन्न धाराओं के तहत छह वर्ष कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर नगर थाना क्षेत्र के माखन साह चौक के पास एक युवक की अपराधियों ने हत्या कर दी। पुलिस ने प्रेम प्रसंग को हत्या का कारण बताया है।

———————————————————————————————

पूर्णिया कोर्ट से हटिया जाने वाली कोसी एक्सप्रेस का परिचालन पांच फरवरी से इक्कीस मार्च तक बख्तियारपुर, राजगीर, तिलैया और कोडरमा के रास्ते किया जाएगा। पूर्व मध्य रेल ने कहा है कि तकनीकी कारणों से ट्रेन का परिचालन दूसरे रूट से किया जा रहा है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।